नव भारत
राष्ट्र हित का प्रहरी
१९३८ से

## एक नजर में

### लोस चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज

**नयी दिल्ली.** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना कल यानी गुरूवार को जारी की जायेगी. इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा. बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी इसी चरण में मतदान होगा. निर्वाचन आयोग के अनुसार बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव के लिए अधिसूचना पहले चरण के साथ की गयी थी. दूसरे चरण में मणिपुर की इस सीट के अलावा असम , बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 88 सीटों के लिए चुनाव कराया जायेगा.

### कर्नाटक में लोकायुक्त ने 60 जगहों पर मारा छापा

**बेंगलुरु.** कर्नाटक में एंटी करप्शन एजेंसी लोकायुक्त ने बड़ी कार्रवाई की है. 100 से ज्यादा लोकायुक्त अधिकारी राज्य के 13 जिलों में 60 जगहों पर छापेमारी की. बेंगलुरु में पांच जगहों पर छापेमारी जारी है. बेंगलुरु में बीबीएमपी के चीफ इंजीनियर रंगनाथ के घर पर भी छापा मारा गया है. छापेमारी की कार्रवाई में अभी तक 6 लाख रुपये की नकदी, 3 किलो सोना, 25 लाख रुपये के हीरे, 5 लाख रुपये की प्राचीन वस्तुएं बरामद की गई हैं. इसके साथ संपत्ति के दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं.

### रूसी विमान की यूराल पर्वत में आपात लैंडिंग

**मॉस्को.** दक्षिणी उज्बेकिस्तान से रूस की राजधानी मॉस्को जा रहे रूस की यूराल एयरलाइंस के एक विमान को हाइड्रोलिक सिस्टम खराब होने के कारण बुधवार को यूराल पर्वत के पास येकातेरिनबर्ग शहर में आपात लैंडिंग करनी पड़ी. एयरलाइंस की ओर से जारी बयान में कहा गया, उज्बेकिस्तान के कार्शी से रूस के मॉस्को मार्ग पर उड़ान संख्या यू6-2128 के हाइड्रोलिक सिस्टम में से एक के खराब होने से संबंधित सेंसर चालू हो गया था. सुरक्षित उड़ान सुनिश्चित करने के लिए विमान कमांडर ने कोल्टसोवो (येकातेरिनबर्ग में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा) में एक वैकल्पिक हवाई क्षेत्र में उतरने का फैसला किया. बयान में कहा गया है कि लैंडिंग सुचारू रूप से हुई.

# गंगा निर्मल हो गयी अब यमुना की बारी

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हेमामालिनी के समर्थन में सभा को किया संबोधित

**मथुरा, 28 मार्च ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना में व्याप्त प्रदूषण को खत्म करने का संकल्प जताते हुये बुधवार को कहा कि गंगा मइया हो गई निर्मल अब यमुना की बारी है.''**

स्थानीय सांसद एवं मथुरा लोक सभा सीट से भाजपा प्रत्याशी हेमामालिनी के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुये योगी ने कहा कि हेमामालिनी ने संसद में यमुना को निर्मल बनाने का प्रश्न उठाया था तथा उसके बाद ही नमामि गंगे योजना पर काम शुरू हुआ था.



उन्होंने कहा कि विश्व स्तर की इस कलाकार ने 84 कोस परिक्रमा के विकास के लिए काम किया तथा समय समय पर केन्द्र के विभिन्न मंत्रालयों में मंत्रियों से सम्पर्क कर मथुरा के विकास के लिए विभिन्न योजना लाने का प्रयास किया. योगी ने कहा कि हेमामालिनी जब भी उनके पास आईं उन्होने मथुरा वृन्दावन की समस्या उनके सामने रखकर उनके निराकरण करने का अनुरोध किया. हेमा ने विश्व में भारतीय संस्कृति की पहचान बनाई. समय समय पर ब्रज की पीड़ा को संसद में पेश किया.उन्होंने बड़े विश्वास के साथ कहा कि विश्वस्तर की यह कलाकार जब तीसरी बार सांसद बन जाएगी तो मथुरा वृन्दावन की कोई समस्या नही रहेगी. मुख्यमंत्री ने भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि अन्य दलों के नेताओं के लिये परिवार सर्वोपरि है जबकि मोदी के लिए राष्ट्र पहले है.

### पूरा विश्व भारत को सम्मान की दृष्टि से देखता है

उन्होने कहा कि मोदी ने पिछले दस साल में एक नये ऐसे भारत का निर्माण किया तथा भारत की ऐसी पहचान बनाई कि आज विश्व भारत को सम्मान की दृष्टि से देखता है. मेडिकल कालेज, विश्वविद्यालयों आदि को खोलकर भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर में जबर्दस्त सुधार किया . बिना भेद भाव के लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया. हर नागरिक की संतुष्टि को मोदी ने अपना उद्देश्य बनाया तथा पुरानी विरासत को संरक्षित रखते हुए नये भारत का मार्ग प्रशस्त किया. नागरिक सुरक्षा , किसान की आमदनी दूनी करने के लिए जैसे कार्यों के माध्यम से मोदी गारंटी दी.उन्होंने श्रभ् मोदी के शासन में आने के पहले और शासन में आने के बाद जम्मू कश्मीर के हालत का तुलनात्मक व्योरा पेश किया और कहा कि जहां 2014 के पहले सरकारें अंतंकवादी गतिविधियों के होने पर मूकदर्शक बनी रहती थी वहीं धारा 370 समाप्त होने के बाद आज वहां विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है और अब घुसपैठ का दु:साहस करने की किसी की हिम्मत नही है.



# महापौर सफीरा साहू समेत कई बड़े नेता हुए भाजपाई

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को लगा बड़ा झटका

**रायपुर, 27 मार्च.** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार की सुबह बस्तर पहुचे, जहाँ लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप के साथ नामांकन दाखिल करने जायेगे, इस नामांकन से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है.

महापौर के साथ ही एमआईसी सदस्य के अलावा अन्य लोगों ने बीजेपी का हाथ थाम लिया है, अचानक से महापौर व अन्य कांग्रेस के नेताओं के द्वारा कांग्रेस का हाथ थामने से कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. बुधवार की सुबह बस्तर जिले की राजनीति में हुए इस उलटफेर से अब कांग्रेस की राह थोड़ी से मुश्किल हो गई है. कांग्रेस महापौर सफीरा साहू और एमआईसी सदस्य यशवर्धन राव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव के समक्ष बीजेपी की सदसयता ग्रहण की. वैसे भी समय- समय पर कांग्रेस में चल रही गुटबाजी देखने को मिल ही रही थी, जिसका कई बार प्रत्यक्ष देखने को भी मिला था, लेकिन हर बार कांग्रेस के आला कमान इस बात को नकार रहे थे, लेकिन आज हुए सबसे बड़े उलटफेर को देखकर कांग्रेस के अंदर चल रही गुटबाजी सबके सामने देखने को मिल गई.

### आप सांसद रिंकू और विधायक अंगुराल भी भाजपा में शामिल



**जालंधर.** लोकसभा चुनाव, 2024 से ठीक पहले पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को दोहरा झटका देते हुये पार्टी के जालंधर लोकसभा सीट से सांसद सुशील कुमार रिंकू और जालंधर पश्चिम से विधायक शीतल अंगुराल बुधवार को दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गये. इससे पहले मंगलवार को यह घोषणा करने के कुछ ही घंटों बाद कि वह पंजाब में बिना किसी गठबंधन सहयोगी के अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी, भाजपा ने लुधियाना से कांग्रेस सांसद रवनीत बिट्टू को अपने पाले में कर लिया. बिट्टू पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं, जिनकी 1995 में चंडीगढ़ में एक आत्मघाती बम विस्फोट में हत्या कर दी गयी थी.

# इंडिगो एयरक्राफ्ट ने एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्लेन को मारी टक्कर

**नई दिल्ली/कोलकाता, 27 मार्च. कोलकाता एयरपोर्ट पर बुधवार को बड़ा विमान हादसा टल गया. रनवे से गुजरते हुए इंडिगो एयरलाइंस के एक प्लेन ने खड़े एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्लेन को टक्कर मार दी.**

**बड़ा हादसा होने से टला**
**पायलटों पर एक्शन**

एअर इंडिया एक्सप्रेस का ये प्लेन कोलकाता से चेन्नई की तरफ जाने के लिए तैयार हो रहा था. इस मामले में किसी पैसेंजर को चोट नहीं आई है. वहीं, एविएशन रेगुलेटर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने कार्रवाई करते हुए इंडिगो के पायलटों को रोस्टर से हटा दिया है. डीजीसीए ने इस मामले में एक डिटेल इनक्वॉयरी के आदेश दिए हैं.

बुधवार इंडिगो की फ्लाइट टैक्सी वे से गुजर रही थी. इस दौरान एयरक्राफ्ट का एक हिस्सा रनवे पर उड़ान भरने के लिए तैयार हो रहे एअर इंडिया के प्लेन से टकरा गया. इस दौरान बड़ा हादसा होने से बच गया. डीजीसीए के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि इंडिगो ए 320 वीटी-आईएसएस विमान ने एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट 737 वीटी-टीजीजी को टक्कर मारी.

# ईडी के जब्त किए 3 हजार करोड़ गरीबों को लौटाएंगे

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजमाता अमृता रॉय से की फोन पर बात



**नई दिल्ली, 27 मार्च.** भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर काफी संजीदा हैं. लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी ने बुधवार को राजघराने से ताल्लुक रखने वाली राजमाता अमृता रॉय से बात करते हुए कहा कि बीजेपी भ्रष्टाचार को राज्य से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है.

पीएम मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से महुआ मोइत्रा के खिलाफ बीजेपी उम्मीदवार राजमाता अमृता रॉय के साथ फोन पर बात की. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि वह बंगाल में गरीबों से लूटा गया पैसा, ईडी की तरफ से भ्रष्टाचारियों से जब्त की गई संपत्ति के जरिए उनके पास वापस पहुंच जाए.

### भ्रष्टाचार खत्म करने के प्लान पर की चर्चा

बीजेपी उम्मीदवार राजमाता अमृता रॉय संग बातचीत में पीएम मोदी ने आगे कहा कि एक तरफ बीजेपी देश से भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है तो दूसरी तरफ सभी भ्रष्टाचारी एक-दूसरे को बचाने के लिए एक साथ आ गए हैं. पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि पश्चिम बंगाल में परिवर्तन के लिए मतदान होगा. लोकसभा चुनाव में टीएमसी ने एक बार फिर से कैश फॉर क्वेरी मामले में फंसीं महुआ मोइत्रा पर भरोसा जताया है, तो वहीं बीजेपी ने उनके खिलाफ राजमाता अमृता रॉय को कृष्णा नगर से प्रत्याशी बनाया है. अमृता रॉय ने 20 मार्च को बीजेपी ज्वॉइन की थी. उनको चुनावी मैदान में उतारा जाना बीजेपी का फैसला मास्टर स्ट्रॉक माना जा रहा है. खास बात यह है कि बीजेपी में शामिल होने के कुछ ही दिनों बाद उनको लोकसभा चुनाव का टिकट भी दे दिया गया. अब पीएम मोदी ने उनसे फोन पर बात कर बंगाल में भ्रष्टाचार खत्म करने की दिशा में बीजेपी के प्लान पर बात की.

# तीस लाख सरकारी पद भरेगी कांग्रेस

## प्रियंका गांधी बोलीं- परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए सख्त कानून बनेगा

**नयी दिल्ली 27 मार्च ( वार्ता )** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया है कि यदि कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनावों में सत्ता में आती है तो रिक्त सरकारी नौकरी के 30 लाख पदों को भरा जाएगा और परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए सख्त कानून बनेगा.

वाड्रा ने बुधवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में कहा कि कांग्रेस सरकार रोजगार क्रांति के जरिये देश के युवाओं का हाथ मजबूत करेगी. युवा ही देश का भविष्य हैं. वे मजबूत होंगे तो देश मजबूत होगा.



प्रियंका गांधी ने कहा कि देश के कुल श्रमबल में जितने बेरोजगार हैं, उनमें 83 प्रतिशत युवा हैं. कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी वर्ष 2000 में 35 .2 प्रतिशत थी जो वर्ष 2022 में यह 65 .7 प्रतिशत यानी लगभग दोगुनी हो गई है. कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास युवाओं को रोजगार देने की ठोस योजना है. खाली पड़े 30 लाख सरकारी पद तत्काल भरे जाएंगे और हर स्नातक और डिप्लोमाधारक को एक लाख रुपये सालाना की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी. पेपर लीक के खिलाफ नया सख्त कानून आएगा तथा गिग श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी मिलेगी. इसके अलावा स्टार्ट-अप के लिए 5000 करोड़ का राष्ट्रीय कोष बनाया जाएगा.




# लोस में 45 बिल पेश किए जाने के दिन ही पारित

## बीते पांच साल में कुल 222 विधेयक हुए पारित

**नयी दिल्ली, 27 मार्च. संसद में हंगामे अक्सर सुर्खियां बटोरते हैं. देश की विधायिका पर बड़ा दारोमदार कानून बनाना और इसके लिए विधेयकों पर चर्चा के बाद इन्हें संसद के दोनों सदनों से पारित कराना है.**

कानूनों में संशोधन की प्रक्रिया भी संसद से होकर गुजरती है. खास बात ये कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सरकार ने बीते एक दशक में हजारों पुराने कानूनों को खत्म करने का दावा किया है. ताजा घटनाक्रम में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म की तरफ से जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक 17वीं लोकसभा में 222 विधेयक पारित कराए गए. एडीआर ने इस रिपोर्ट में कुछ हैरान करने वाले तथ्य भी सामने रखे हैं. एडीआर के मुताबिक बीते पांच साल के दौरान 222 में से 45 विधेयक ऐसे हैं जो उसी दिन पारित हो गए जिस दिन इन विधेयकों को सदन में पेश किया गया.

### 11 विधेयक वापस लिए गए

17वीं लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल में 240 बिल पेश किए गए. इनमें से 222 पारित हुए. इसके अलावा 2019 से 2024 की अवधि में 11 बिल वापस ले लिए गए. छह विधेयक लंबित हैं. केवल एक विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली. सांसदों के प्रदर्शन को लेकर एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि एक सांसद ने औसतन 165 सवाल पूछे. सदन की कुल 273 बैठकों में से 189 में भाग लिया. छत्तीसगढ़ के सांसदों की औसत उपस्थिति सबसे अधिक रही. राज्य के 11 सांसदों ने 273 बैठकों में से 216 में भाग लिया.

# पहली बार मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भाग लेगा सऊदी अरब

**नई दिल्ली, 27 मार्च.** इतिहास में पहली बार सऊदी अरब मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भाग लेगा. मॉडल और इंफ्यूएंसर रूमी अलकाहतानी ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर घोषणा की कि वह मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में सऊदी अरब का प्रतिनिधित्व करेंगी. उन्होंने अपनी बेहद ग्लैमरस तस्वीरें भी साझा कीं.तस्वीर में मॉडल को स्ट्रैपलेस गाउन पहने देखा जा सकता है. इस वर्ष मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता का आयोजन मैक्सिको में किया जाएगा.

**कमांडर सम्मेलन** | **मौजूदा सुरक्षा स्थिति और भविष्य की रणनीतियों का करेंगे आंकलन**

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे शीर्ष कमांडरों से चर्चा

**नयी दिल्ली 27 मार्च ( वार्ता )** सेना के शीर्ष कमांडरों का सम्मेलन इस बार हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जाएगा जिसमें मौजूदा स्थिति तथा भविष्य की रणनीति पर विस्तार से विचार विमर्श किया जायेगा.

सम्मेलन के पहले दिन कमांडर वर्चुअल माध्यम से इसमें शामिल होंगे जबकि एक और दो अप्रैल को कमांडर इसमें भौतिक रूप से शामिल होंगे. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शीर्ष कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे



और उन्हें संबोधित करेंगे. यह सम्मेलन सेना के शीर्ष नेतृत्व के लिए वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन , समीक्षा और सुरक्षा की समग्र स्थिति का आकलन करने के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है. सम्मेलन भविष्य का रुख तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों को सुगम बनाने वाली प्रमुख प्राथमिकताओं को भी निर्धारित करेगा. सम्मेलन की अध्यक्षता सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे करेंगे. पहले दिन सेना के कमांडर अपनी-अपनी कमान के मुख्यालय से आभासी रूप से भाग लेंगे. इसमें सेना और पूर्व सैनिकों के कल्याण को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण एजेंडों पर विचार-विमर्श किया जाएगा.

### सी-डॉट के साथ तालमेल महत्वपूर्ण

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने आधुनिक युद्ध में नेटवर्क केंद्रित से डेटा केंद्रित तक बदलते परिदृश्य के मद्देनजर प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र सी - डॉट से उन्नत सुरक्षित संचार समाधानों के लिए वायुसेना के साथ बेहतर तालमेल की आवश्यकता पर जोर दिया है.